राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में 23 नवम्बर को कुलपतियों की महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी

पटना, 21 नवम्बर 2017

राजभवन में **23 नवम्बर, 2017** को **10:30** बजे पूर्वाह्न से बिहार राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री सत्य पाल मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

बैठक में राज्य के शिक्षा मंत्री, कुलाधिपति कार्यालय एवं शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक के दौरान पूर्व में सम्पन्न कुलपति–सम्मेलनों के निर्णयों की अनुपालन–स्थिति की समीक्षा किए जाने के साथ–साथ, कुछ नये मुद्दों पर भी आवश्यक चर्चा होगी।

बैठक हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उद्‌घाटन–सत्र में कुलाधिपति एवं शिक्षा मंत्री के सम्बोधन के उपरान्त, तकनीकी सत्रों में स्वच्छता अभियान, अकादमिक एवं परीक्षा कैलेण्डर, नियमित वर्ग–संचालन, छात्रसंघ चुनाव, नवाचारी कार्य, अन्तरर्विश्वविद्यालयीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन, नामांकन एवं परीक्षा–संचालन आदि गतिविधियों में कम्प्यूटर के अधिकाधिक प्रयोग, शोध विषयक गतिविधियों, वित्तीय अनुशासन, विश्वविद्यालयों में निर्माण कार्य (Construction works), पुराने पाठ्‌यक्रमों के पुनरावलोकन आदि विषयों पर ‘पावर प्रेजेन्टेशन’ के माध्यम से सार्थक एवं उपयोगी चर्चाएँ होंगी। राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति इन विषयों पर अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। तकनीकी सत्र के बाद Interactive session भी निर्धारित है।

....